हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, गुरुवार, 30 अक्टूबर, 2025

11 सरदार पटेल का योगदान भारतीय इतिहास में...



12 गणित क्विज में तनुश्री प्रथम, राखी द्वितीय और जितेश...



## खबर संक्षेप

### जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक कल

**नारनौल।** जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक 31 अक्टूबर को कनीना की आरएस वाटिका में सुबह दस बजे आयोजित की जाएगी। बैठक में कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह, नांगल चौधरी की विधायक मंजू चौधरी, पूर्व सीपीएस अनिता यादव व जिलेभर कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ता भाग लेंगे। बैठक में आयरन लेडी पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी की पुण्य तिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित किए जाएंगे। जिलाध्यक्ष एडवोकेट सत्यवीर झूकिया ने बताया कि यह दिन राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में भी मनाया जाता है।

### मंडी अटेली: नांगलिया मित्रपुरा में भंडारा आज

**मंडी अटेली।** गांव नांगलिया मित्रपुरा में बाबा खेता नाथ की जयंती समारोह पर भंडारा 30 अक्टूबर को आयोजित किया जा रहा है। जानकारी देते हुए छोटेलाल प्रधान ने बताया कि इस भंडारे में मुख्यातिथि पूर्व सांसद एवं तिजारा से विधायक महंत बालक नाथ योगी रहेंगे। हर वर्ष की तरह दीपावली के आठ दिन बाद गोपाष्टमी के दिन यह भंडारा लगाया जाता है। इस भंडारे में दूर दराज से श्रद्धालु पहुंचकर बाबा से अपनी मन्नौती मांगते हैं।

### जन परिवेदना समिति की बैठक कल होगी

**नारनौल।** सहकारिता मंत्री अरविंद कुमार शर्मा 31 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे लघु सचिवालय के नजदीक सभागार में जिला लोक संपर्क एवं जन परिवेदना समिति की मासिक बैठक लेंगे। इसमें पहले से निर्धारित मामले सुनवाई के लिए रखे जाएंगे, जिनका संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा समाधान किया जाएगा। यह जानकारी उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने दी।

### डीसी ने शूर सैनी जयंती को लेकर किया दौरा



**नारनौल।** उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार व पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ ने बुधवार को आगामी 16 नवंबर को नई अनाज मंडी में होने वाले राज्य स्तरीय समारोह को लेकर समारोह स्थल का दौरा किया। डीसी ने बताया कि हरियाणा सरकार की ओर से महाराजा शूर सैनी जयंती के अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि के तौर पर पधारेंगे। डीसी ने इस समारोह के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशानिर्देश जारी किए। उन्होंने सभी प्रकार की पार्किंग स्थल का भी दौरा किया। मौके पर एसडीएम अनिरुद्ध यादव, डीएसपी सुरेश कुमार, एक्सईएन बीएंडआर अश्विनी कुमार के अलावा अन्य अधिकारी मौजूद थे।



**सतनाली मंडी।** विद्यार्थियों को जागरुक करते थाना अध्यक्ष रविंद्र।

### विद्यार्थियों को दी साइबर सुरक्षा की जानकारी

**सतनाली मंडी।** जिला पुलिस की ओर से चलाए जा रहे नशा मुक्ति एवं साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत एलएनबी राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सतनाली में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य जयवीर सिंह ने बताया कि इस अवसर पर थाना अध्यक्ष रविंद्र ने विद्यार्थियों को नशा मुक्ति के दुष्परिणामों, साइबर सुरक्षा के महत्व और राष्ट्रीय एकता की भावना को मजबूत करने के विषयों पर प्रेरक जानकारी दी। प्राचार्य जयवीर सिंह ने बताया कि सोशल मीडिया पर अपराधिक गतिविधियों में लिप्त लोगों को फॉलो न करें। कार्यक्रम को प्रवक्ता श्रीराम ने भी संबोधित किया।

# बृजेंद्र सिंह की बात हुई, तब राहुल गांधी ने कहा आप यात्रा करो

■ नारनौल बैठक में बोले चौधरी बीजेंद्र सिंह, ...भाईचारे को जोड़ने का काम कर रही सद्भाव यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



**नारनौल।** बैठक को संबोधित करते चौधरी बीरेंद्र सिंह। फोटो : हरिभूमि

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी बीरेंद्र सिंह बुधवार नारनौल थे। उन्होंने बेटे बृजेंद्र सिंह की महेंद्रगढ़ जिला में यात्रा को लेकर रूपरेखा तैयार की। इस दौरान उन्होंने भाषण में कहा कि इस यात्रा को लेकर बेटे बृजेंद्र सिंह की राहुल गांधी से बातचीत हुई। उन्होंने यात्रा का मकसद बताया गया। उसके बाद राहुल गांधी ने कहा कि आप यात्रा करो, उसमें हमें ऐसा बर्ताव करना चाहिए कि किसी को बुरा ना लगे। हमारा बर्ताव ऐसा हो कि जो थोड़ी बहुत टूट फुट हुई है वह जुड़ने का काम हो। इस लिए सद्भाव का मतलब भी यहीं है।

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह की विधानसभा क्षेत्र में उनकी मौजूदगी में यह बैठक हुई। इस बैठक में चौधरी बीरेंद्र सिंह ने कहा कि कांग्रेस के साथी इस यात्रा में चल रहे है लेकिन बहुत से साथियों में यह भ्रम है कि इस यात्रा में जाएं या ना जाएं। यह उन पर निर्भर करते है। जो जाना चाहते है, वह मिले। जो नहीं जाना चाहते वह छह–सात माह इंतजार कर लें। उनको भी पता लग जाएगा। हमें भी पता लग जाएगा। कितने कांग्रेसी अभी भी यात्रा से बाहर है। वह यह बात इसलिए कह रहे है कि बृजेंद्र सिंह ने यह बात सोची, उस टाइम कांग्रेस का संगठन नहीं था। वह कहने लगे कि संगठन तो पता नहीं कब बनेगा। 11 साल में नहीं बना। यह भी नहीं पता कब बनेगा। यह बातें बड़ी सोच की है। हम यहां मीटिंग कर रहे है, अगर कांग्रेस का संगठन होता तो कांग्रेस के दफ्तर भी होते। उनमें सभी सुविधाएं भी होती। यह भी नहीं हुआ। इसके भी अनेक कारण है लेकिन अब संगठन की गाड़ी चल पड़ी है। जिला अध्यक्ष सत्यवीर झुकिया की तरफ इशारा करते हुए उन्होंने कहा कि युवा है। अभी शुरूआती काम है। इतना आसान नहीं है। मुझे लगता है कि आहिस्ता आहिस्ता हमारे कांग्रेस से जो लोग है, थोड़े बहुत सक्रिय रहे है या सक्रिय नहीं हुए तो अब सक्रिय होना शुरू हो गए। कार्यक्षमता अपने आप बढ़ेगी।

### कांग्रेस में दो बार ऐसी परिस्थिति थी

उन्होंने कहा कि कांग्रेस में दो बार ऐसी परिस्थिति थी, जब कांग्रेस में बोलने वाले ज्यादा होते थे, सुनने वाले कम होते थे। मैं यह नहीं कह रहा कम होते थे, होते ही नहीं थे। 1977 में जब कांग्रेस की हार हुई, खासतौर पर उत्तरी भारत में, तो कहा गया कांग्रेस को उठाओ। जब कांग्रेस विरोधी हवा बनी थी और हमारे जिला के अध्यक्ष ही कांग्रेस छोड़कर चले गए थे। उस वक्त मैं युवा का जिला अध्यक्ष था। कांग्रेस के नेताओं ने बुलाकर जिला अध्यक्ष बनकर आगे बढ़ने को कहा। उन्हें कहा कि वह तो युवा अध्यक्ष है, कैसे बन सकते है तो उन्होंने कहा कि फिर ढुंढ कर लेकर आओ। ढुंढने से भी नहीं मिला। ऐसी परिस्थितयों में भी हमने कांग्रेस को मजबूत किया है।

### मेरी सोच है जो भाईचारा है उसमें कहीं कमजोरी आई

उन्होंने कहा कि यह जो सद्भाव यात्रा है, इनमें दो तरह की मजबूती की बात है। बृजेंद्र सिंह ने राहुल गांधी से बात की। उन्हें कहा कि मेरी सोच है 10–11 साल में आपस का जो भाईचारा है, उसमें कहीं ना कहीं कमजोरी आई है। कमजोरी की वजह यह है कि भाजपा समाज को धर्म के नाम बांट तो नहीं सकी। भाजपा को उनसे ज्यादा कोई नहीं जानता। वह 10 साल उसमें रहकर आए है। भाजपा की सोच हरियाणा के लिए अच्छी नहीं है। भाजपा को सामाजिक रूप से मदद नहीं मिल रही थी जो राजनीतिक तौर पर मिलनी चाहिए। उन्होंने चुनाव लड़ने का तरीका यहीं निकाला कि समाज में जातीय आधार पर अगर समाज बंट जाता है तो हमारा संगठन का काम और चुनाव की शक्तियां बढ़ जाएगी। वह बांट तो नहीं सके, लेकिन वोटों के रूप में जरूर बांटने में भाजपा सफल हो गई। जब इस मामले में राहुल गांधी की बृजेंद्र सिंह से बात हुई तो उन्होंने कहा कि आप यात्रा करो। उसमें हमें ऐसा बर्ताव नहीं करना चाहिए कि किसी को बुरा लगे। हमारा बर्ताव ऐसा हो कि जो थोड़ी बहुत टूट फुट हुई है वह जुड़ने का काम हो। इस लिए सद्भाव का मतलब भी यहीं है। इस मौके पर जिला अध्यक्ष सत्यवीर झुकिया व महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष डा. राजवंती यादव सहित अनेक कांग्रेस से जुड़े कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## जांच टीम को ई-खरीद पोर्टल और कमेटी के एच-रजिस्टर की ऑक्शन में मिला था अंतर


# गेट पास व जे फार्म जारी करने के आरोप में अन्य कर्मियों की संलिप्तता भी संभव

*सस्पेंड किए गए कमेटी सचिव मार्केटिंग बोर्ड पंचकूला में दे रहे हाजिरी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना

स्थानीय अनाजमंडी में बाजरे की खरीद में कथित तौर पर सामने आई धांधली के मामले पर मार्केट कमेटी सचिव पर निलंबन की गाज गिर चुकी है। लेकिन अब इस पूरे प्रकरण में मंडी सुपरवाइजर एवं ऑक्शन रिकॉर्डर की भी संलिप्तता से इंकार नहीं किया जा रहा है।

मार्केट कमेटी सचिव मनोज पराशर ने बाजरा खरीद शुरू होने से पूर्व 18 सितंबर को मार्केट कमेटी कार्यालय में कार्यरत 11 कर्मचारियों की बाजरा खरीद को लेकर नई अनाजमंडी में विभिन्न कार्यों में ड्यूटी लगाकर जिला विपणन प्रवर्तन अधिकारी नारनौल को पत्र भेजकर अवगत करवा दिया था।



**कनीना।** सस्पेंड हो चुके मार्केट कमेटी सचिव द्वारा 18 सितंबर को जारी किया ड्यूटी चार्ट। फोटो : हरिभूमि

देखा जाए तो तत्कालीन मार्केट कमेटी सचिव स्वयं भी कंप्यूटर ऑपरेटर की जड़ में बैठकर ऑनलाइन जनरेट होने वाले गेट पास पर नजर रख रहा था। जबकि मंडी सुपरवाइजर सतीश कुमार की ड्यूटी मंडी के मुख्य गेट पर किसानों के वाहन चेक करने तथा मोबाइल एप द्वारा जारी गेट पास की जांच कर उसका प्रतिदिन का रिकॉर्ड रखने तथा बिना आवक के गेट पास जारी न करने को कहा गया था। ऑक्शन रिकॉर्डर बीरेंद्र सिंह की ड्यूटी एच रजिस्टर व ऑनलाईन ऑक्शन कार्य में लगाई गई थी। माना जा रहा है कि बिना फसल मंडी में आए पैसे लेकर लाखों क्विंटल बाजरे के गेट पास जारी कर दिए गए।

**गुरुग्राम से आई टीम ने की जांच :** इसकी भनक लगने पर क्षेत्रीय मार्केटिंग बोर्ड कार्यालय गुरुग्राम से आई टीम ने अपने स्तर पर जांच की जिसमें आरोप कमोबेस सही मिले। टीम द्वारा भेजी गई रिपोर्ट में अनियमितताओं को लेकर प्रदेश के सीएम नायब सिंह सैनी के निर्देश पर मार्केटिंग बोर्ड के मुख्य प्रशासक मुकेश आहूजा द्वारा कनीना मंडी के ईओ कम सचिव मनोज पाराशर को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया है वहीं सचिव द्वारा दी गई दलील के बाद दो और कर्मचारियों के गले में तलवार लटक गई है। निलंबित किए गए सचिव मनोज पराशर के स्थान पर नारनौल कार्यालय में कार्यरत असिस्टेंट सेक्रेटरी अजीत सिंह को नियुक्त किया गया है। उन्होंने आनन-फानन में बीते शुक्रवार रात्री करीब 10 बजे ज्वाईन भी कर लिया। माना जा रहा है कि बिना बाजरा लाए एक सौ से डेढ़ सौ रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से वसूली कर गेटपास सहित जे फार्म जारी किए जाने, ई-खरीद पोर्टल और मार्केट कमेटी के एच-रजिस्टर की ऑक्शन में अंतर पाए जाने तथा गेट पास जारी करने की प्रक्रिया में अनियमितताएं सामने आने के बाद यह कार्रवाई की गई है।

### जिला में अब तक हुई खरीद का आंकड़ा

| मंडी का नाम | कुल गेट पास | कुल खरीद |
|---|---|---|
| अटेली | 12180 | 34392.62 |
| कनीना | 8348 | 25661.05 |
| महेंद्रगढ़ | 1753 | 5516.40 |
| नांगल चौधरी | 859 | 2489.92 |
| नारनौल | 8099 | 23141.71 |
| सतनाली | 2872 | 10259.76 |



**नारनौल।** विद्यार्थियों को जागरूक करते एसएचओ अनिल कुमार।

# यातायात नियमों का पालन करना सभी का है कर्तव्य

बीकेएन में विशेष व्याख्यान आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

बाब खेतानाथ राजकीय पॉलिटेक्निक में साइबर क्राइम, ड्रग्स व सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह व्याख्यान एसएचओ यातायात अनिल कुमार व टीम ने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर अनिल कुमार ने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं से बचने के लिए यातायात नियमों का पालन करना हर नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, नशे में वाहन न चलाने तथा मोबाइल फोन का प्रयोग न करने जैसे अनेक महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जोर दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को साइबर क्राइम के बढ़ते खतरों से भी अवगत कराया। अंत में संस्थान के प्राचार्य अनिल कुमार ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे स्वयं नियमों का पालन करें।

# बेटी है तो भविष्य है, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ

*महिलाओं को बाल स्वास्थ्य और पोषण संबंधी जानकारी दी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

लिंग अनुपात में सुधार लाने के लिए बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत गांव सिगड़ी में सेव गर्ल चाइल्ड विषय पर एक शिविर आयोजित किया। शिविर का उद्देश्य लिंगानुपात में सुधार लाना और समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच को बढ़ावा देना। कार्यक्रम की अध्यक्षता हेल्थ ऑफिसर अरुण चौधरी व स्वास्थ्यकर्मी सुशीला ने किया। बैठक का संचालन स्वास्थ्यकर्मी ऋषिराज आर्य ने किया। आशा कार्यकर्ता सुमन व मुन्नी उपस्थित रही। बैठक में सभी स्वास्थ्यकर्मियों ने बालिकाओं के स्वास्थ्य, शिक्षा और पोषण के विषय में विस्तार से जानकारी दी। अरुण चौधरी ने कहा कि बालिका का जन्म किसी घर में सौभाग्य लेकर आता है। हमें समाज में ऐसी सोच विकसित करनी होगी, जहां बेटी को बोझ नहीं, बल्कि गौरव समझा जाए। सुशीला ने महिलाओं को बाल स्वास्थ्य व पोषण संबंधी जानकारी दी, जबकि ऋषिराज ने लोगों को बालिकाओं की सुरक्षा और लिंगानुपात सुधार से जुड़ी बातें बताईं।



**महेंद्रगढ़।** कार्यक्रम में उपस्थित महिलाएं। *फोटो : हरिभूमि*

### बालिकाओं की शिक्षा पर विशेष बल दिया

सुमन और मुन्नी ने ग्रामीण महिलाओं से संवाद कर बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान की महत्ता समझाई और बालिकाओं की शिक्षा पर विशेष बल दिया। इस अवसर पर गांव की महिलाएं और पुरुष बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने बेटियों की सुरक्षा और सम्मान की दिशा में मिलकर काम करने का संकल्प लिया। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में नई सोच और नई प्रेरणा लाते हैं, जिससे बेटियों के प्रति सम्मान और जागरूकता बढ़ती है।

### सुहेल पूर्व गणतंत्र परेड शिविर के लिए चयनित

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के स्वयंसेवक सुहेल दास का चयन पूर्व गणतंत्र परेड शिविर के लिए हुआ है। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार और समकुलपति प्रो. पवन कुमार शर्मा ने सुहेल दास को इस उपलब्धि पर बधाई दी। विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के समन्वयक डॉ. प्रदीप कुमार ने बताया कि सुहेल दास का चयन 17 सितंबर को इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर रेवाड़ी में आयोजित राज्य स्तरीय ट्रायल के बाद हुआ। हकेंवि के शिक्षक शिक्षा विभाग का यह विद्यार्थी आगामी 21 से 30 नवंबर तक चितकारा विवि राजपुरा में आयोजित होने वाले शिविर में प्रतिभागिता करेंगे। शिविर में उत्तर क्षेत्र के जम्मू-कश्मीर, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान से चयनित लगभग 200 स्वयंसेवक हिस्सा लेंगे।



सुहेल दास

# कनीना में सार्वजनिक स्थान पर कूड़ा डाला तो लगेगा 5 हजार रुपये जुर्माना

■ नपा प्रशासन दर्जनभर प्वाइंट पर चस्पाए बोर्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना

साफ-सफाई व सुंदरता को बनाए रखने के लिए नगर पालिका प्रशासन की ओर से लगातार सख्ती बरती जा रही है। आमजन की सुविधा के नपा द्वारा गंदे पानी की निकासी के लिए जोहडों का पानी निकाला जा रहा है, वहीं सफाई व्यवस्था बनाए रखने के लिए कार्य किया जा रहा है। पार्षदों की राय के मुताबिक फील्ड में उतरे नपा प्रशासन की ओर से करीब दर्जन भर प्वाइंट चिहित कर स्वच्छता बनाए रखने के बोर्ड लगाए गए हैं। जहां पर कूड़ा डालने वाले नागरिकों पर न केवल नजर रखी जा रही है, बल्कि कूड़ा डालने पर पांच हजार रुपये का जुर्माना वसूली करने को कहा गया है। कूडा डालते हुए व्यक्ति का फोटो नगर पालिका पोर्टल पर अपलोड करने वाले व्यक्ति को उचित इनाम देने का ऐलान किया गया है। नपा चेयरपर्सन डॉ. रिम्पी लोढ़ा, सचिव कपिल कुमार ने बताया कि डीएमसी रणबीर सिंह के दिशा-निर्देशन में नगर में साफ-सफाई बनाए रखने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने शहर की विभिन्न साइटों पर पहुंचकर पानी निकासी एवं स्वच्छता का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि सभी पार्षद एकजुट होकर शहर के विकास में योगदान दें। साफ-सफाई, सीवरेज, पानी निकासी तथा वाहन पार्किंग व्यवस्था को दुरूस्त रखने के लिए स्थाई समाधान करने में मदद करें। नगरवासी टूटी सड़क को दुरुस्त करवाने के लिए हरपथ एप का इस्तेमाल करें।




**कनीना।** नपा द्वारा चिह्नित प्वाइंट पर लगाए गए बोर्ड।


**सियासत** पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी बीरेंद्र सिंह ने कार्यकर्ताओं की ली बैठक, यात्रा को लेकर तैयार की रूपरेखा

# तीन विस नांगल चौधरी, नारनौल व महेंद्रगढ़ में जाएगी सद्भाव यात्रा

■ बैठक में अटेली की चर्चा नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

हिसार से सांसद रह चुके बृजेंद्र सिंह हरियाणा में सद्भाव यात्रा निकाल रहे हैं। उसकी की जिला में रूपरेखा तैयार करने के लिए उनके पिता पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी बीरेंद्र सिंह नारनौल पहुंचे और अपार होटल में कार्यकर्ताओं से राय शुमारी की। इस दौरान कांग्रेस जिला अध्यक्ष सत्यवीर झुकिया व महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष डा. राजवंती यादव भी मौजूद रही। वहीं इस बैठक में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह के नहीं होने की भी चर्चा रही। इस अवसर पर चौधरी बीरेंद्र सिंह ने कहा कि 11 नवंबर को प्रदेश के अंतिम छोर नांगल चौधरी क्षेत्र के गांव रायमलिकपुर से यह यात्रा शुरू होगी। एक विधानसभा में दो दिन का समय तय किया गया है। आपसी रायशुमारी में यह बात सामने आई कि रायमलिकपुर से चलकर यह यात्रा नांगल चौधरी पहुंचेगी और पहले दिन जाट धर्मशाला में पड़ाव करेगी। उसके अगले दिन नांगल चौधरी से निजामपुर के लिए रवाना होगी। दूसरे दिन का ठहराव नारनौल के सीएल फार्म हाउस में होगा। तीसरी दिन नारनौल विधानसभा के तहत नारनौल शहर के मुख्य बाजार को कवर किया जाएगा। सीएल फार्म हाउस से अनाज मंडी होते हुए किला रोड, आजाद चौक, पुल बाजार होते हुए महावीर चौक पहुंचेगी। यहां से आगामी महेंद्रगढ़ रोड से नारनौल विधानसभा के गांवों को कवर करते हुए महेंद्रगढ़ विधानसभा को कवर करेगी। महेंद्रगढ़ विस में महेंद्रगढ़ व सतनाली होते हुए लोहारू में प्रवेश करेगी। इसकी अंतिम रूप रेखा तैयार करने के लिए जिला अध्यक्ष सत्यवीर झुकिया, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष डा. राजवंती यादव व पूर्व विधायक राधेश्याम शर्मा की ड्यूटी लगाई गई है। चौधरी बीरेंद्र सिंह ने कहा कि भाजपा में रहते हुए उन्होंने कभी भी कांग्रेस पार्टी की बुराई नहीं की। सद्भाव यात्रा निकालने के पीछे लोगों को एकजुट करना है। भाजपा ने जाति, धर्म की राजनीति कर जो आपसी भाईचारे को खराब करने का प्रयास किया है, उसे एकजुट कर भाईचारा पुनः गठित करने का प्रयास है। उसी के तहत यह यात्रा हरियाणा में निकाली जा रही है। मौके पर समाजसेवी अशोक चौधरी, दयाराम यादव एडवोकेट, जसवंत भाटी, ओमप्रकाश मांडैया अन्य मौजूद रहे।



**नारनौल।** बैठक को संबोधित करते चौधरी बीरेंद्र सिंह। फोटो : हरिभूमि

### इंद्रजीत की बेटी का हलका में यात्रा की चर्चा नहीं

इस बैठक में लोग अंदरखाने यह चर्चा करते दिखाई दिए कि बीरेंद्र सिंह के बेटे की सद्भाव यात्रा जिला में विधानसभा वाइज का कार्यक्रम बन रहा है। नांगल चौधरी, नारनौल व महेंद्रगढ़ विधानसभा के रूट की चर्चा हुई लेकिन अटेली विधानसभा को लेकर बैठक में कोई चर्चा नहीं की गई। इसका अर्थ हुआ कि केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह की बेटी स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव के अटेली हलका में यह यात्रा नहीं जाएगी। इसको लेकर लोग अलग अलग मायने निकाल रहे है।

### नीरपुर की प्रिया यादव ने पीएचडी की उपाधि प्राप्त की



प्रिया यादव

**मंडी अटेली।** गांव नीरपुर निवासी प्रिया यादव ने बायलॉजी साइंस में अपने पीएचडी शोध को पूर्ण कर डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की है। यह उपलब्धि उनके परिवार और गांव के लिए गर्व का विषय है। प्रिया यादव ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा गांव नीरपुर और डीएवी कुलताजपुर से प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने बीएसएमएस भोपाल में पांच वर्षीय स्नातक डिग्री प्राप्त की और दिल्ली कॉलेज में पीएचडी की उपाधि प्राप्त की। प्रिया ने अपनी उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता और परिवार को दिया है। उनके दादा राम सिंह त्यागी सेवानिवृत्त प्रवक्ता हैं तथा उनके भाई एलएलबी एलएलएम है। प्रिया यादव का लक्ष्य अब विदेश में पोस्ट डॉक करना और अपने शोध एवं अकादमिक अनुभव को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विस्तार देना है। वह अपने क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने और देश का नाम रोशन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

